मैं आया तेरे द्वार, मेरे खाटू वाले

मैं आया तेरे द्वार, मेरे खाटू वाले
मेरी सुनले करुण पुकार, मेरे खाटू वाले
मुझे इक तेरी दरकार, मेरे खाटू वाले

मैंने सुना है श्याम, हारे का सहारा है
बेचैन होके दिल ने, आपको पुकारा है
जरा मेरी और निहार, मेरे खाटू वाले
मै आया तेरे द्वार•••••••

जब से गया मै खाटू, तेरा ही हो गया
जब से मिली ये नजरें, दिल मेरा खो गया
है बहुत तेरे उपकार, मेरे खाटू वाले
मै आया तेरे द्वार•••••••

तोड़ के मैं नाते सारे, तेरे पास आ गया
द्वार तेरा खाटू वाले, मुझे रास आ गया
जीवन में आई बहार, मेरे खाटू वाले
मै आया तेरे द्वार•••••••

बीच मझधार में अटकी, सन्नी की नैया है
कमल की नैया का तो, सांवरा खेवैया है
मुझे बस तेरी दरकार, मेरे खाटू वाले
मै आया तेरे द्वार•••••••

गायक: सन्नी श्याम दीवाना (9996331214)
लेखक: कमल जी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36038/title/mai-aaya-tere-dawar-mere-khatu-wale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |